nt>
Title: Need to take steps for early completion of Sardar Sarover Project in Gujarat.

श्रीमती भावना देवराजभाई चिखलिया (जूनागढ़) : सभापति महोदय, गुजरात की जीवादोरी सरदार सरोवर योजना बहुउद्देशीय योजना है। गुजरात में नर्मदा नदी के ऊपर होने वाला यह बांध भारत का पांचवा बड़ा बांध है। इस बांध से गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के लोगों को लाभ होने वाला है। ६३०० करोड़ के खर्च से बनने वाले प्रोजेक्ट को नौवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक पूरा करना है।

इस बांध को पूरा करने में जो भी बाधाएं आईं उनके निराकरण हेतु १२ अगस्त, १९९५ को राजस्थान, गुजरात और दिल्ली के मुख्य मंत्रियों की एक बैठक भी हुई।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि दिसम्बर १९७९ में हुए ट्रिब्यूनल के आखिरी फैसले को ध्यान में रखकर, गुजरात सरकार ने जिसकी अनेक बार मांग की है, यह सरदार सरोवर योजना को अतिशीघ्र राष्ट्रीय महत्व की योजना घोषित करें।